राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजभवन से 2 हजार शॉल भरी गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर राज्यपाल ने रवाना किया

राज्यपाल श्री मिश्र ने जरूरतमंद और गरीब महिलाओं को शॉल वितरित किए

मानवता की सेवा ईश्वर की आराधना – राज्यपाल

जयपुर, 27 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को जरूरतमंद और गरीब महिलाओं को शॉल वितरित किये।

श्री मिश्र ने बुधवार को ही राजभवन से 2000 शॉल से भरी गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यह शॉल अनाथाश्रम, वृद्धाश्रम और जरूरतमंद लोगों को वितरित करना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि मानवता की सेवा ईश्वर की आराधना है। उन्होंने निराश्रित, समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए सभी को आगे आने का आह्वान किया है। उन्होंने मेंहदीपुर बालाजी ट्रस्ट की सेवाओं की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भाव से किया गया कार्य ही सेवा है। सेवा में देने के अलावा न लेने का संकल्प होता है तभी उसकी सार्थकता है।

———